**आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर**

दिनांक : 18.12.2024 समय : 0705

**<><><><><><><>**

1. केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा है कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी वर्ष दो हजार पच्चीस से, भर्ती परीक्षाओं की बजाए उच्च शिक्षा के लिए प्रवेश परीक्षाएं आयोजित करने पर विशेष ध्यान देगी।

2. दक्षिण अण्डमान जिला उपायुक्त अर्जुन शर्मा की अध्यक्षता में कल सितंबर दो हजार चौबीस तिमाही के लिए जिला परामर्श समिति और जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई।

3. अंडमान निकोबार कमान की ओर से दो हजार चार हिन्द महासागर सुनामी के बीसवीं वर्षगांठ के सिलसिले में आपदा प्रबंधन पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा।

4. सैंतीसवां राष्ट्रीय शतरंज चैंपियनशिप कल पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर स्थित सिद्धू कानू इंडोर स्टेडियम में शुरू हुई–द्वीपों के पांच होनहार खिलाड़ी इसमें भाग ले रहे हैं।

<><><><><><><>

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा है कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी वर्ष दो हजार पच्चीस से, भर्ती परीक्षाओं की बजाए उच्च शिक्षा के लिए प्रवेश परीक्षाएं आयोजित करने पर विशेष ध्यान देगी। नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि सरकार दस नए पदों का सृजन कर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी का पुनर्गठन करने की योजना बना रही है। श्री प्रधान ने बताया कि पिछले दस साल में प्रति बच्चे पर किए जाने वाले खर्च में एक सौ तीस प्रतिशत की वृद्धि हुई है। शोधार्थियों के लिए एक राष्ट्र, एक सदस्यता–ओ एन ओ एस पर श्री प्रधान ने कहा कि अब लगभग तेरह हजार ई–जनरल विद्यार्थियों को उपलब्ध हैं और अगले तीन साल में सरकार इस पहल पर छह हजार करोड़ रूपए निवेश करेगी।

<><><><><><><>

दक्षिण अण्डमान जिला उपायुक्त अर्जुन शर्मा की अध्यक्षता में कल सितंबर दो हजार चौबीस तिमाही के लिए जिला परामर्श समिति और जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक जिला कार्यालय के सम्मेलन सभागार में हुई। बैठक का उद्देश्य दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिए जिला ऋण योजना, सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं और प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई प्रमुख योजनाओं के तहत बैंकों के प्रदर्शन की समीक्षा करना था। जिला उपायुक्त ने पीएम स्वनिधि, पी एम ई जी पी और स्टैंड अप इंडिया जैसी प्रमुख योजनाओं पर ध्यान केंद्रित करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने बैंकों को समय पर अपने लक्ष्य पूरे करने के निर्देश दिए और वित्तीय साक्षरता शिविरों के आयोजन में अधिक सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया। इसके अलावा जिला उपायुक्त ने भारतीय स्टेट बैंक के ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान को वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए अपने उद्यमी विकास कार्यक्रम वार्षिक कार्य योजना में सौर ऊर्जा स्थापना और अगर की खेती जैसे नए क्षेत्रों को शामिल करने की सलाह दी। बैठक में बैंक अधिकारियों सहित सीपीघाट ग्राम पंचायत प्रधान भी शामिल थीं।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान ज़िला पुलिस की ओर से हाल ही में चौवनवां विजय दिवस मनाए जाने के सिलसिले में सात किलोमीटर मैराथॉन का आयोजन किया गया। मैराथॉन को रंगत के मिनी स्टेडियम से झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शारीरिक फिटनेस, टीम वर्क और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देना था। इसके अलावा पुश–अप, प्लैंक और सिट–अप जैसे प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। विजेताओं को ट्रॉफी, पदक और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर लोगों को देशभक्ति फिल्म अमरन भी दिखाया गया। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों और पुलिस कर्मियों सहित करीब चालीस प्रतिभागियों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

आकाशवाणी के श्री विजयपुरम केन्द्र से आज लाईव फोन–इन कार्यक्रम हैलो डॉक्टर प्रसारित किया जाएगा। कार्यक्रम का विषय रहेगा–फेफड़ों से संबंधित रोग और उनका समाधान। कार्यक्रम में विशेषज्ञ डॉ. नटराज श्रोताओं से संवाद करेंगे। श्रोता फोन संख्या दो तीन दो पांच पांच आठ और दो तीन दो तीन तीन छः पर डायल कर अपने प्रश्न पूछ सकते हैं। कार्यक्रम आज शाम साढ़े छः बजे से सुना जा सकता है।

<><><><><><><>

आकाशवाणी के श्री विजयपुरम केन्द्र से आज लाईव फोन–इन कार्यक्रम हैलो डॉक्टर प्रसारित किया जाएगा। कार्यक्रम का विषय रहेगा–फेफड़ों से संबंधित रोग और उनका समाधान। कार्यक्रम में विशेषज्ञ डॉ. नटराज श्रोताओं से संवाद करेंगे। श्रोता फोन संख्या दो तीन दो पांच पांच आठ और दो तीन दो तीन तीन छः पर डायल कर अपने प्रश्न पूछ सकते हैं। कार्यक्रम आज शाम साढ़े छः बजे से सुना जा सकता है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार कमान की ओर से दो हजार चार हिन्द महासागर सुनामी के बीसवीं वर्षगांठ के सिलसिले में आपदा प्रबंधन पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। द्वीप दीक्षा डायलॉग दो हजार चौबीस के तहत दूसरा वार्षिक संगोष्ठी कल और बीस दिसम्बर को आयोजित किया जाएगा। दो हजार चार सुनामी–सबक और हिन्द महासागर क्षेत्र में संभावनाएं विषय पर आयोजित होने वाले इस संगोष्ठी में हिन्द महासागर रिम एसोसिएशन और हिन्द महासागर नौसेना संगोष्ठी कार्य समूहों में शामिल विभिन्न देशों के प्रतिनिधि भाग लेंगे।

<><><><><><><>

पत्तन प्रबंधन बोर्ड पात्र दावेदारों से प्राप्त 'अनुकंपा नियुक्ति' के लिए आवेदनों की जांच कर रहा है। दस्तावेजों के जांच के दौरान मृत सरकारी कर्मचारियों के दावेदारों द्वारा पहले प्रस्तुत किए गए कई आवेदन निर्धारित प्रारूप में नहीं हैं और उनमें आवश्यक दस्तावेजों का अभाव है। पत्तन प्रबंधन बोर्ड, अंडमान श्रमिक बल विभाग में अनुकंपा नियुक्ति के इच्छुक सभी पात्र दावेदारों से कहा गया है कि वे अनुकंपा नियुक्ति के लिए अपने फॉर्म निर्धारित प्रारूप में सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ पत्तन प्रबंधन बोर्ड के सहायक निदेशक को पन्द्रह दिनों के भीतर जमा करें, ताकि विभाग उनके मामले को आगे की जांच और विचार के लिए प्रशासन को प्रस्तुत कर सके। दावेदार सभी कार्य दिवसों में सुबह साढ़े आठ बजे से शाम पांच बजे तक प्रारूप और विवरण प्राप्त कर सकते हैं।

<><><><><><><>

'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना के तहत निकोबार जिले में लैंगिक समानता के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने और बालिकाओं को सशक्त बनाने के लिए नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में निकोबार जिला उपायुक्त ज्योति कुमारी मुख्य अतिथि थीं। उन्होंने शिक्षा के महत्व, लैंगिक समानता के बारे में जागरूकता और लड़कियों में आत्म विश्वास को बढ़ावा देने के अवसरों पर प्रकाश डाला। निकोबार की सीडीपीओ सुनीता कुमारी ने 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने लड़कियों के लिए शिक्षा और समग्र विकास को प्रोत्साहित करने और लड़कियों को सशक्त बनाने के लिए प्रेरित किया। कार निकोबार के किन्यूका गांव के प्रथम कैप्टन डेरिक जैकब ने भी इस अवसर पर अपने विचार रखे। प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए।

<><><><><><><>

सैंतीसवां राष्ट्रीय शतरंज चैंपियनशिप कल पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर स्थित सिद्धू कानू इंडोर स्टेडियम में शुरू हुई। तेइस दिसंबर तक चलने वाले इस सात दिवसीय आयोजन में पूरे भारत से दो सौ तिरसठ लड़के और एक सौ पैंतीस लड़कियों सहित चार सौ युवा खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। श्री विजयपुरम से पांच होनहार खिलाड़ी द्वीपों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, जिनमें लड़कों के वर्ग में वीकेवी

के जे एस विराट, निमिष बंटुपल्ली और केवी–वन के बी ललित, जबकि लड़कियों के वर्ग में कार्मेल स्कूल की एस चैतना और केवी–वन की बी उत्कर्षा प्रतिस्पर्धा में भाग ले रही हैं।

<><><><><><><>

डॉक्टर बी.आर. अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में शैक्षणिक सत्र दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिए अतिथि सहायक प्रोफेसर की भर्ती के लिए कल डेमो, थ्योरी, पैक्टिकल और साक्षात्कार लिया जाएगा। योग्य उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए कार्यक्रम और डेमो विषयों का विवरण संस्थान के वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं।

<><><><><><><>

पशुपालन और पशु चिकित्सा विभाग में कम्पाउडर के पद में भर्ती के लिए आवेदन किए गए योग्य और अयोग्य उम्मीदवारों की सूची प्रशासन के वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। दावे और आपत्तियां अगले वर्ष एक जनवरी दो हजार पच्चीस तक व्यक्तिगत रूप से या ई–मेल के जरिए भेजे जा सकते हैं।

<><><><><><><>